# रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय
उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
## Controller General of Defence Accounts
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

विकसित भारत अभियान 1947 TO 2047

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in


सं. 55018/ हि.क./ रा.भा.का.स./ मु.का./ 31 दिनांक : 09 अक्तूबर, 2025

सेवा में,

सभी र.ले.प्र.नि./ र.ले.नि./ क्षे.प्र.कें.

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 22 सितम्बर, 2025 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के कार्यवृत्त का प्रेषण।**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की जुलाई-सितम्बर, 2025 तिमाही की बैठक दिनांक 22.09.2025 को रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त आपको इस अनुरोध के साथ अग्रेषित किया जाता है कि आपके कार्यालय से संबंधित कार्यवृत्त की मदों पर अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्रवाई से मुख्यालय कार्यालय को अवगत कराया जाए।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

संलग्नक : यथोक्त

पूनम
**(पूनम)**
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

**<u>प्रतिलिपि:</u>**

1. निदेशक (राजभाषा), रक्षा मंत्रालय कमरा नं. 240, 'बी विंग', सेना भवन, नई दिल्ली - सूचनार्थ
2. मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य - सूचनार्थ
3. मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग - कृपया आपके अनुभाग से संबंधित कार्यवृत्त की मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई करते हुए राजभाषा अनुभाग(स्था.) को सूचित करें।
4. सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) - र.ले.म.नि. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
5. आदेश फाइल - 01 प्रति

पूनम
**(पूनम)**
**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय
उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
Controller General of Defence Accounts
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010
दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

विकसित भारत अभियान
1947 TO 2047

**(राजभाषा अनुभाग)**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 22 सितम्बर, 2025 को आयोजित तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सितम्बर, 2025 को समाप्य तिमाही की बैठक 22 सितम्बर, 2025 को अपराह्न 5.00 बजे श्री राज कुमार अरोड़ा, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री विश्वजीत सहाय | रक्षा लेखा विशेष महानियंत्रक |
| 2. | श्री अनुग्रह नारायण दास | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 3. | श्री कोम्पेला वेंकट रमण मूर्ति | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 4. | श्रीमती मौशुमी रूद्र | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 5. | श्रीमती ऋचा मिश्र | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 6. | श्री पुष्कल उपाध्याय | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 7. | श्री संजय वर्मा | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 8. | श्री राजेश चन्द्रा | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 9. | श्री बलराम कुमार | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 10. | श्री अमित कुमार | रक्षा लेखा उप महानियंत्रक |
| 11. | श्री विनीत पराशर | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 12. | श्री संदीप श्योराण | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 13. | श्री अंजन मजूमदार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 14. | श्री प्रदीप कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 15. | श्री सतीश कुमार त्रिपाठी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 16. | श्री पवन कुमार सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 17. | श्री घनश्याम शुक्ला | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 18. | श्री हिमतेश प्रताप सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 19. | श्री सोहन कुमार बहुगुणा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 20. | श्री देवेन्द्र मोहन | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 21. | श्री राजेश ऋषिकेश | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 22. | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 23. | श्रीमती पूनम | सहायक निदेशक (राजभाषा)/ सदस्य सचिव |
| 24. | श्रीमती रुचिता सहाय | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 25. | श्रीमती वॉइलेट खैलखो | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 26. | श्री पंकज दलाल | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : 16 जून, 2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक 16 जून, 2025 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त सभी की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु मुख्यालय कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

(i) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे कि हिंदी आशुलिपि एवं हिंदी टंकण में प्रशिक्षित आशुलिपिकों एवं टंककों द्वारा किए जा रहे हिंदी के कार्य की मॉनिटरिंग की जाए तथा हिंदी पत्राचार में दर्ज की गई वृद्धि संबंधी रिपोर्ट राजभाषा अनुभाग(स्थानीय) को प्रेषित की जाए।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि कार्यालय के प्रशिक्षित आशुलिपिकों तथा टंककों के हिंदी में कार्य का मासिक विवरण प्राप्त किया गया है तथा इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। साथ ही, सदस्य सचिव द्वारा समिति को यह भी बताया गया कि भविष्य में केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आशुलिपिकों के प्रशिक्षण से संबंधित परिपत्र जारी किए जाने पर कार्यालय के हिंदी में अप्रशिक्षित आशुलिपिकों को प्रशिक्षण के लिए नामित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सदस्य सचिव द्वारा यह भी सूचित किया गया कि हिंदी टंकण संबंधी प्रशिक्षण हेतु कार्यालय के 09 कार्मिकों को नामित किया गया था, परंतु स्लॉट की अनुपलब्धता के कारण केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा केवल 02 लिपिकों का ही पंजीकरण किया गया है। संबंधित दोनों लिपिक कार्यालय के राजभाषा अनुभाग में पत्राचार के माध्यम से हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शेष लिपिकों को अगले सत्र में क्रमवार नामित किया जाएगा।

इस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान से दूरभाष के माध्यम से अथवा पत्राचार द्वारा आगामी प्रशिक्षण सत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की जाए।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) पिछली बैठक में समिति को अवगत कराया गया था कि कार्यालय आदेश भाग-2 को द्विभाषी रूप में जारी करने के लिए आई.टी. एंड एस.डी.सी., सिकंदराबाद में कार्य प्रक्रियाधीन है तथा जून, 2025 के अंत तक इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह निर्णय भी लिया गया था कि पे-स्लिप एवं समस्त पत्राचार में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के स्थान पर अब "विकसित भारत अभियान" का प्रयोग किया जाए।

इस संबंध में समिति को अवगत कराया गया कि कार्यालय आदेश **भाग-II का ट्यूलिप में द्विभाषी रूप** में अनुवाद किया गया है तथा मुख्यालय के निर्देशानुसार आई.टी. एंड एस.डी.सी., सिकंदराबाद द्वारा इस प्रणाली का डेमो दिया जा सकता है। अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में निर्देश दिए कि द्विभाषी कार्यालय आदेश भाग-II को फाइल पर प्रस्तुत करके जारी करने हेतु अनुमोदन लिया जाए। इसके अतिरिक्त, समिति को यह भी अवगत कराया गया कि पे-स्लिप एवं समस्त पत्राचार में "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के स्थान पर अब "विकसित भारत अभियान" का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही, **द्विभाषी पे-स्लिप की त्रुटियों** में भी यथावश्यक सुधार कर लिए गए हैं।

**[कार्रवाई : रक्षा लेखा विभाग के समस्त कार्यालय]**

(iii) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए थे कि क्रमशः उन पांच-पांच प्रधान नियंत्रक/ नियंत्रक कार्यालयों की सूची प्रस्तुत की जाए जिनकी संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावलियां सम्यक् रूप से भरी गई तथा अपेक्षानुसार नहीं भरी गई।

इस संबंध में समिति को अवगत कराया गया कि सक्षम प्राधिकारी के निर्देशानुसार सभी कार्यालयों की नमूना निरीक्षण प्रश्नावलियों की के.पी.आई. रिपोर्ट की तर्ज पर कुल 9 मापदंडों के आधार पर अंक मैट्रिक्स (scoring matrix) तैयार की गई तथा तदनुसार सभी कार्यालयों को ग्रेडिंग प्रदान की गई है। इस पर अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिये कि अंक मैट्रिक्स आधारित समग्र मूल्यांकन सभी अधीनस्थ कार्यालयों के साथ WAN पर साझा किया जाए।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iv) पिछली बैठक में समिति को अवगत कराया गया था कि माया ऑपरेटिंग सिस्टम पर हिंदी में कार्य करने में समस्याएं आ रही हैं। इस विषय में विभिन्न अनुभागों से प्राप्त फीडबैक को Advisor (Cyber) को अग्रेषित कर दिया गया था। साथ ही उनसे अनुरोध किया गया था कि उनके प्रतिनिधियों द्वारा मुख्यालय के कार्मिकों को कार्यालय में ही माया ऑपरेटिंग सिस्टम में हिंदी में टंकण का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए।

इस संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली (आई.टी. एंड एस.) अनुभाग द्वारा Advisor (Cyber) के सहयोग से दिनांक 27.08.2025 को एक ऑफलाइन कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय का सुझाव था कि यदि कार्यालय के कार्मिकों को अभी भी माया ऑपरेटिंग सिस्टम में हिंदी में कार्य करने में असुविधा है तो उनसे फीडबैक प्राप्त करके एक और कार्यशाला का आयोजन किया जा सकता है।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग एवं राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(v) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा सुझाव दिया गया था कि अगस्त, 2025 माह में कवि सम्मेलन/ राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा सकता है।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से मुख्यालय के तत्त्वावधान में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन नवम्बर, 2025 माह में जयपुर में किया जाएगा, जिसका उत्तरदायित्व रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर को सौंपा गया है। सम्मेलन के आयोजन के संबंध में आयोजक कार्यालय को निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(vi) पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों को कार्यालयों के प्राधिकृत संख्याबल के अनुसार तैनात किया जाना चाहिए ताकि राजभाषा का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

इस संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि जिन स्टेशनों पर राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों की तैनाती प्राधिकृत संख्याबल से अधिक है, उन्हें वहाँ से वरिष्ठता के आधार पर उन स्टेशनों पर तैनात किया जा सकता है, जहाँ राजभाषा संवर्ग के अधिकारी प्राधिकृत पद होने के बावजूद तैनात नहीं हैं। इसके लिए संबंधित अनुभागों को संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि 31 दिसंबर, 2025 तक इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II एवं प्रशासन-X अनुभाग (स्थानीय)]**

(vii) पिछली बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया था कि ई-मेल के प्राप्तकर्ता की ओर से ई-मेल की एक स्वतः उत्पन्न (Self Generated) पावती ई-मेल भेजने वाले को हिंदी में प्राप्त हो।

इस संबंध में सू.प्रौ. एवं प्र. अनुभाग द्वारा मामला उचित कार्रवाई हेतु वर्तमान NIC ई-मेल प्लेटफार्म प्रबंधक (ZOHOCORP) को अग्रेषित किया गया है। इस संबंध में सूचना प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि इस संबंध में रक्षा मंत्रालय तथा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(प.क.), चंडीगढ़ कार्यालय से भी संपर्क किया जाए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र. विंग (स्थानीय)]**

**मद सं. 3: पिछली दो तिमाहियों तथा 01 जुलाई से 15 सितम्बर, 2025 की अवधि में हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा**

सदस्य सचिव द्वारा पिछली दो तिमाहियों अर्थात् मार्च, 2025 एवं जून, 2025 तथा 01 जुलाई से 15 सितम्बर, 2025 की अवधि के लिए हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। तुलनात्मक समीक्षा से ज्ञात हुआ कि मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही में कार्यालय का समग्र हिंदी पत्राचार 91.01% था, जो जून, 2025 को समाप्त तिमाही में 0.54 प्रतिशत बढ़कर 91.55% हो गया है, जबकि 01 जुलाई से 15 सितम्बर, 2025 की अवधि में यह 91.55% ही बना हुआ है।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि हिंदी पत्राचार में और अधिक वृद्धि करने के लिए निम्नलिखित प्रयास किए जाएं:-

* रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशा.) द्वारा सभी अनुभागों के समूह अधिकारियों के साथ कम से कम एक मासिक बैठक आयोजित की जाए, जिसमें कार्यालय में हिंदी की प्रगति की समीक्षा की जाए।
* पूर्व में आयोजित की जाने वाली समूह अधिकारी स्तर की बैठकों की परम्परा को पुनः आरम्भ किया जाए तथा अन्य मदों के साथ-साथ इन बैठकों में हिंदी के प्रयोग के संबंध में भी चर्चा की जाए।
* अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके हिंदी में कार्य का वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) में उल्लेख किया जाना चाहिए।
* राजभाषा अनुभाग द्वारा तैयार किए गए 48 द्विभाषी प्रपत्रों के संबंध में सभी अनुभागों से इस आशय का फीडबैक लिया जाए कि इन प्रपत्रों का इष्टतम उपयोग हो रहा है अथवा नहीं। साथ ही, अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिक से अधिक मानक प्रपत्रों को द्विभाषी करने के निर्देश दिए गए ताकि हिंदी पत्राचार में और वृद्धि हो सके।
* पिछले तीन वर्षों की तिमाही बैठकों में लिए गये महत्त्वपूर्ण निर्णयों को संकलित कर अनुपालनार्थ उचित दिशा निर्देश देते हुए समुचित परिपत्र प्रधान नियंत्रक/ प्र.ए.वि.स./ नियंत्रक/ ए.वि.स. कार्यालयों को जारी किया जाए।

**(कार्रवाई : सभी संबंधित अधिकारी/ अनुभाग)**

**मद सं. 4 : रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा संवर्ग के पदों की स्थिति**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में राजभाषा संवर्गीय पदों की स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति को अवगत कराया गया कि सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 मानित समाप्त पदों के पुनः प्रवर्तन हेतु रक्षा मंत्रालय (वित्त) में प्रस्ताव विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के 17 रिक्त पदों के लिए कर्मचारी चयन आयोग से निकट भविष्य में डोज़ियर प्राप्त होने की संभावना है तथा शेष 03 रिक्त पदों के लिए मांगपत्र कर्मचारी चयन आयोग को 30 मई, 2025 को भेज दिया गया है। शेष 01 रिक्त पद के लिए मांगपत्र अगले वर्ष कर्मचारी चयन आयोग को भेज दिया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 मानित समाप्त पदों के पुनः प्रवर्तन हेतु रक्षा मंत्रालय से संपर्क करके मामले को शीघ्रता प्रदान की जाए।

**[कार्रवाई : प्रशासन-VII (स्थानीय)]**

**मद सं 5 : राजभाषा संबंधी निरीक्षण**

**(i) मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :**

समिति को अवगत कराया गया कि वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रत्येक संगठन/ कार्यालय के 30% अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है। उक्त लक्ष्य की

प्राप्ति हेतु वर्ष 2025-26 के दौरान इस मुख्यालय के अधीन कुल 34 प्रधान नियंत्रक एवं नियंत्रक कार्यालयों में से न्यूनतम 12 कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है।

तदनुसार, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जुलाई-सितम्बर, 2025 की तिमाही में 04 अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है तथा क्रमशः अक्तूबर-दिसम्बर, 2025 एवं जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाहियों में चार-चार कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/ रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों से भी वर्ष 2025-26 के लिए उनके अधीनस्थ कार्यालयों के राजभाषा निरीक्षण से संबंधित कार्यक्रम प्राप्त किए जाएं तथा इस आशय की मॉनिटरिंग की जाए कि उनके द्वारा निर्धारित लक्ष्य का किस सीमा तक पालन किया जा रहा है।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**(ii) स्थानीय अनुभागों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :**

वार्षिक कार्यक्रम 2025-2026 के अनुसार इस मुख्यालय कार्यालय के 30 प्रतिशत स्थानीय अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से इस वर्ष कुल 39 अनुभागों में से 13 अनुभागों का निरीक्षण किया जाना है, जिनमें से जुलाई-सितम्बर, 2025 की तिमाही में 03 अनुभागों का निरीक्षण किया जा चुका है तथा शेष 10 अनुभागों के निरीक्षण दिसंबर, 2025 तक संपन्न कर लिए जाएंगे।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं 6 : मुख्यालय की वेबसाइट पर चित्र अपलोड करने के संबंध में:**

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार रक्षा लेखा विभाग की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित फोटोग्राफ मुख्यालय की वेबसाइट के "राजभाषा कोना" में अपलोड कर दिए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय ने बताया कि "राजभाषा कोना" के अंतर्गत अपलोड की गई कुछ तस्वीरों की गुणवत्ता अच्छी नहीं है। इन तस्वीरों को आकर्षक रूप देते हुए उनसे संबंधित आयोजन एवं उचित शीर्षक के साथ पुनः वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, हाल ही में गांधीनगर, गुजरात में आयोजित 5वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में विभाग के प्रतिनिधित्व स्वरूप सम्मेलन की झलकियाँ भी "राजभाषा कोना" में प्रदर्शित की जाएं। साथ ही, भविष्य में प्रस्तावित सम्मेलनों, संगोष्ठियों एवं अन्य आयोजनों से संबंधित तस्वीरों को भी मुख्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ ही बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

पूनम
9/10/25

**(पूनम)**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**